# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
# प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, उत्तरकाशी

E.Mail. pdpwduki@yahoo.com

Fax No/Tel No- 01374-222108


पत्रॉक 1987/वन भूमि

दिनॉक 19/09/2023

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
कोट बंगला, वन प्रभाग,
उत्तरकाशी।

विषयः— राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के डुण्डा – धनारी – सेम – मुखेम मोटर मार्ग का पटुड़ी से आगे सेम नागराजा मन्दिर तक निर्माण। (लम्बाई 10.00 किमी0)

सन्दर्भः— आपका पत्रांक 1274/12—1 कोट बंगला दिनांक 09/11/2022

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित विषयक इस मोटर मार्ग की स्वीकृति 2488/111(2)/06-3 मा0मु0घो0/2008 दिनांक 25/07/2008 के द्वारा 10 किमी0 लम्बाई मे रू0 367.50 लाख मात्र की स्वीकृति प्राप्त है।

यह मोटर मार्ग पटुड़ी से आगे 3 किमी0 कच्चा निर्मित है। इसके अन्तिम छोर से उपरोक्त मोटर मार्ग प्रारम्भ होता है। प्रथम 2.50 किमी0 भाग मे फलदार वृक्षों के बगीचे व नकदी फसल की खेती की जाती है। उक्त मोटर मार्ग का निर्माण होने से ग्रामीणों को अपनी उपज को मण्डी मे पहुचाने के लिये जो उपाय किये जाते हैं उससे ढुलान आदि का भाड़ा अधिक होने के कारण बाजार मे उचित मूल्य नही मिल पाता है। प्लायन रोकने हेतु राज्य सरकार द्वारा मार्गों को सुविधा देना प्राथमिकता मे शामिल है। जिस हेतु धनारी क्षेत्र के प्रतिनिधि एंव जनता द्वारा "जनपद स्तरीय शिकायत निवारण शिविर" मे अविलम्ब कार्य प्रारम्भ करने हेतु अनुरोध किया गया है। इस मार्ग के निर्माण से उपली रमोली व जोगथ पट्टी के अधिकांश गांवों का सम्पर्क धनारी क्षेत्र से हो जायेगा। सेम–मुखेम नागराजा मन्दिर का धार्मिक महत्व वाले पांचवे धाम के तौर पर ख्याति प्राप्त है। उक्त स्वीकृति स्थानीय निवासी/ग्रामीणों की आस्था को देखते हुए सेम नागराजा मन्दिर से 2.00 किमी0 पूर्व तक ही दी गई थी। क्योंकि मान्यता के अनुसार पैदल यात्रा आस्था का प्रतीक है। इस मोटर मार्ग के निर्माण से तीर्थाटन व पर्यटन को बढावा मिलने के साथ ही यमुना घाटी व इसके आसपास के श्रद्वालुओं को कम दूरी वाले आसान मोटर मार्ग का लाभ मिलेगा। मार्ग की स्वीकृति 2008 मे प्राप्त है व इसी धनराशि मे पूर्ण योजना को सम्पादित किये जाने हेतु वन भूमि स्वीकृति शीघ्र प्राप्त हाने पर कार्य स्वीकृत धनराशि से पूर्ण किया जा सकेगा।

अतः मोटर मार्ग के निर्माण हेतु उपरोक्त के अनुसार महत्ता को देखते हुए औचित्य पूर्ण आख्या उचित कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय,

19.9.23

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड़, लो0नि0वि0,
उत्तरकाशी।

पत्रॉक /

दिनॉक / /2023

प्रतिलिपिः— 1— जिलाधिकारी महोदय, (उत्तरकाशी) को दिनांक 12/09/23 को जनपद स्तरीय शिकायत निवारण शिविर मे प्राप्त शिकायत के क्रमानुसार सादर सूचनार्थ प्रेषितं।
2— सहायक अभियंता —III को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड़ लो0नि0वि0,
उत्तरकाशी।

19/09/23